# प्रादर्श प्रश्नपत्र
## कक्षा – 12वीं
## फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र (420)

---

समय : 3:00 घण्टे | पूर्णांक – 75 अंक

नोट :– (i) सभी प्रश्नों को हल कीजिए।

(ii) प्रश्न क्रमांक 10 से 18 तक के प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए है।

निर्देश :– (अ) प्रश्न क्रमांक 01 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसके तीन खण्ड है – खण्ड (अ) खण्ड (ब) एवं खण्ड (स)। खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न है, खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति है तथा खण्ड (स) में जोड़ी बनाने वाले प्रश्न है। प्रत्येक खण्ड में 05 प्रश्न है तथा प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक आबंटित है।

---

प्रश्न क्रमांक 1 :– **(खण्ड–अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :–

(i) जल निकास से भूमि में जल स्तर 1x5=5

(अ) ऊपर उठता है (ब) नीचे गिरता है

(स) बराबर रहता है (द) इनमें से कोई नहीं

(ii) निम्न जरीब की लम्बाई 100 फीट होती है –

(अ) मीटर जरीब (ब) अभियंता जरीब

(स) रेनेयू जरीब (द) गण्टर जरीब

(iii) मेटासिस्टाक्स है –

(अ) फफूदीनाशी (ब) कीटनाशी

(स) खरपतवार नाशी (द) इनमें से कोई नहीं

(iv) चारागाह खेती के अन्तर्गत फसल आती है –

(अ) लोबिया (ब) बरसीम

(स) ज्वार (द) उपरोक्त सभी

(v) "सामुदायिक विकास योजना" शुरू किया गया –

(अ) सन् 1952 (ब) सन् 1852

(स) सन् 1950 (द) सन् 1850

प्रश्न क्रमांक 1 :– **(खण्ड–ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :– 1x5=5

(i) दलहनी फसलों द्वारा भूमि में ............... की मात्रा मे वृद्धि हो जाती है।

(ii) उन क्षेत्रों में जहाँ वार्षिक वर्षा .......... से0मी0 से कम हो वहाँ की जाने वाली खेती को शुल्क खेती कहते है।

(iii) फसल चक्र में दलहनी फसल के बाद ............. फसल होना चाहिए।

(iv) शस्य गहनता % = $\frac{\text{..................................................}}{\text{कुल कृषि योग्य क्षेत्र (हे0)}}$ X 100

(v) विभिन्न ऊँचाई और बढ़वार वाली तीन–चार फसले साथ–साथ उगाना ही .............. फसल कहलाता है।

प्रश्न क्रमांक 1 :– **(खण्ड–स)** सही जोड़ी बनाइए :– 1x5=5

| (क) | (ख) |
|---|---|
| (i) D.D.T. | (अ) नींदानाशक |
| (ii) जैली तैयार होने की पहिचान | (ब) जेल मीटर द्वारा |
| (iii) रस में पेक्टिन की जॉच | (स) रिफ्रक्टो मीटर |
| (iv) बॉविस्टीन | (द) कीटनाशक |
| (v) 2,4 डी | (इ) जीवाणु नाशक |

निर्देश :– (ब) प्रश्न क्रमांक 02 से 09 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है)

प्रश्न :– 2 फसल चक्र की गहनता का क्या अर्थ है? 2

प्रश्न :– 3 मिश्रित खेती की परिभाषा लिखिए। 2

प्रश्न :– 4 कृषि प्रसार कार्यकर्त्ता के कोई दो गुण लिखिए। 2

प्रश्न :– 5 वानस्पतिक प्रसारण से क्या तात्पर्य है। 2

प्रश्न :– 6 सामूहिक सम्पर्क के कोई दो गुण लिखिए। 2

प्रश्न :– 7 आम में एकान्तर फलन के कोई दो कारण लिखिए। 2

प्रश्न :– 8 जैली की परिभाषा लिखिए। 2

प्रश्न :– 9 अलंकृत बागवानी की परिभाषा लिखिए। 2

निर्देश :– (स) प्रश्न क्रमांक 10 से 13 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है)

प्रश्न :– 10 सिंचाई एवं जल निकास में कोई चार अंतर लिखिए। (1x4)=4

अथवा

पृष्ठीय एवं भूमिगत जल निकास नालियों में कोई चार अंतर लिखिए।

प्रश्न :– 11 क्षेत्र पुस्तिका को कैसे लिखते है? कोई दो सावधानियाँ लिखिये। (2+2)=4

अथवा

भू सर्वेक्षण के कोई दो उद्देश्य एवं दो प्रकार लिखिए। (2+2)=4

प्रश्न :– 12 ''अश्वगंधा'' की खेती की जानकारी निम्न शीषकों में दीजिए। (1X4)=4

(i) वानस्पतिक नाम एवं कुल

(ii) औषधिक महत्व (कोई दो)

(iii) उन्नत प्रजातियाँ (कोई दो)

(iv) उपज / हेक्टेयर

अथवा

''तुलसी'' की खेती की जानकारी निम्न शीषकों में दीजिए।
(i) वानस्पतिक नाम एवं कुल

(ii) औषधिक महत्व (कोई दो)

(iii) उन्नत प्रजातियाँ (कोई दो)

(iv) उपज / हेक्टेयर

प्रश्न :– 13 फल एवं सब्जी के खराब होने के कोई चार प्रमुख कारण लिखिए। (1X4)=4

अथवा

फलों एवं सब्जियों के परिरक्षण के कोई चार प्रमुख लाभ लिखिये।

निर्देश :– (द) प्रश्न क्रमांक 14 और 15 लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है)

प्रश्न :– 14 श्वेत बटन मशरूम के उत्पादन की विधि लिखिए। 05

अथवा

आयस्टर मशरूम उत्पादन की विधि लिखिए।

प्रश्न :– 15 ''गुलाब'' की खेती का वर्णन निम्न शीर्षको में कीजिए। (1X5)=5

(i) वानस्पतिक नाम एवं कुल (ii) उन्नत किस्मे (कोई दो)

(iii) प्रर्वधन विधियां (कोई दो)　　(iv) कीट एवं रोग (एक–एक)

(v) महत्व (कोई दो)

अथवा

"डहेलिया" की खेती का वर्णन निम्न शीर्षको में कीजिए।

(i) वानस्पतिक नाम एवं कुल　　(ii) उन्नत किस्मे (कोई दो)

(iii) प्रर्वधन विधियां (कोई दो)　　(iv) कीट एवं रोग (एक–एक)

(v) महत्व (कोई दो)

निर्देश :– (इ) प्रश्न क्रमांक 16 से 18 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 06 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है)

प्रश्न :– 16 खरपतवार नियंत्रण की कोई चार विधियों के नाम लिखिए एवं यांत्रिक विधि का संक्षेप में वर्णन कीजिए। (कोई चार)　　2+4=6

अथवा

कीट नियंत्रण की कोई चार विधियों के नाम लिखिए एवं कोई चार कृषक विधियों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

प्रश्न :– 17 "सोयाबीन" की खेती का निम्न बिन्दुओं में वर्णन कीजिए।　　1X6=6

(i) वानस्पतिक नाम एवं कुल

(ii) आर्थिक महत्व (कोई दो)

(iii) खाद एवं उर्वरक/हे0

(iv) बीज दर/हे0

(v) कीट एवं रोग (एक–एक)

(vi) उपज/हे0

अथवा

"अरहर" की खेती का निम्न बिन्दुओं में वर्णन कीजिए।

(i) वानस्पतिक नाम एवं कुल

(ii) आर्थिक महत्व (कोई दो)

(iii) खाद एवं उर्वरक/हे0

(iv) बीज दर/हे0

(v) कीट एवं रोग (एक–एक)

(vi) उपज / हे0

प्रश्न :– 18 ''ऑवला'' की खेती का वर्णन निम्न शीर्षको में कीजिए। 1x6=6

(i) वानस्पतिक नाम एवं कुल

(ii) उन्नतशील किस्में (कोई दो)

(iii) जलवायु

(iv) खाद एवं उर्वरक

(v) पौध रोपण का समय

(vi) अन्तराशस्य

अथवा

''कटहल'' की खेती का वर्णन निम्न शीर्षको में कीजिए। 1x6=6

(i) वानस्पतिक नाम एवं कुल

(ii) उन्नतशील किस्में (कोई दो)

(iii) जलवायु

(iv) खाद एवं उर्वरक

(v) पौध रोपण का समय

(vi) अन्तराशस्य

**———00———**